भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3349
20 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

इस्पात का निर्यात और आयात

3349 **डा. वी. शिवादासनः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश से निर्यातित और देश में आयातित इस्पात की वर्ष-वार कुल मात्रा और मूल्य कितना है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान इस्पात निर्यात के प्रमुख गंतव्यों तथा इस्पात आयात के प्रमुख स्रोतों का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश विगत पांच वर्षों के दौरान वर्ष-वार इस्पात का निवल निर्यातक बना है अथवा निवल आयातक बना है; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान, राज्य-वार अवस्थान, उत्पादन क्षमता और इसमें शामिल निवेश सहित देश में स्थापित किए गए नए इस्पात संयंत्रों/उद्योगों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): भारत के तैयार इस्पात व्यापार में विगत पांच वर्षों के दौरान उतार-चढ़ाव देखा गया है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 में देश तैयार इस्पात का शुद्ध निर्यातक था, जिसका शुद्ध निर्यात क्रमशः 6.03 मिलियन टन (एमटी) और 8.82 मिलियन टन था। तथापि, इसके बाद निर्यात में कमी आई और वर्ष 2023-24 और 2024-25 में शुद्ध आयात क्रमशः लगभग 0.83 मिलियन टन और 4.69 मिलियन टन रहा। चालू वर्ष में, अप्रैल-फरवरी 2025-26 की अवधि में निर्यात 6.02 मिलियन टन और आयात लगभग 5.62 मिलियन टन रहा।

इस अवधि के दौरान भारत के तैयार इस्पात निर्यात के प्रमुख देशों में इटली, बेल्जियम, स्पेन, नेपाल और यूएई थे, जबकि इस्पात आयात के शीर्ष स्रोत देशों में कोरिया, चीन, जापान, जर्मनी, वियतनाम और रूस थे।

विगत पांच वर्षों के दौरान, 22 राज्यों में स्थित 394 संयंत्रों ने 39.99 मिलियन टन की कुल क्षमता के साथ क्रूड स्टील का उत्पादन शुरू किया है, जो भारत की इस्पात क्षमता विस्तार में निरंतर वृद्धि को दर्शाता है।

जारी.........2/

विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान निर्यात और आयात किए गए इस्पात की मात्रा और मूल्य का वर्षवार विवरण निम्नलिखित है:-

वर्ष	**तैयार इस्पात निर्यात**		**तैयार इस्पात आयात**	
	मात्रा (एमटी में)	मूल्य (करोड़ रु में)	मात्रा (एमटी में)	मूल्य (करोड़ रु में)
2020-21	10.78	47,170	4.75	32,154
2021-22	13.49	99,452	4.67	46,298
2022-23	6.72	55,828	6.02	64,454
2023-24	7.49	59,157	8.32	68,193
2024-25	4.86	40,585	9.55	80,737
अप्रैल-फरवरी 2025-26*	6.02	44,424	5.62	52,627
स्रोत:संयुक्त संयंत्र समिति(जेपीसी), एमटी = मिलियन टन; *अंनतिम				

*****